Speaker made Valedictory reference on the conclusion of 12th session of 17th Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, हम सत्रहवीं लोक सभा के बारहवें सत्र की समाप्ति की ओर आ गए हैं। यह सत्र 20 जुलाई, 2023 को आरंभ हुआ था। इस सत्र में हमनें 17 बैठकें कीं, जो लगभग 44 घंटे और 15 मिनट तक चलीं। सत्र के दौरान श्री गौरव गोगोई द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया, जिस पर दिनांक 08.08.2023, 09.08.2023 और 10.08.2023 को चर्चा हुई। इस पर 19 घंटे और 59 मिनट तक चर्चा हुई और चर्चा में कुल 60 सदस्यों ने भाग लिया। प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

इस सत्र के दौरान 20 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए तथा 22 विधेयक पारित हुए। पारित किए गए कुछ महत्वपूर्ण विधेयक हैं: बहुराज्य सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2023, डिजिटल वैयक्तिक डाटा संरक्षण विधेयक, 2023, राष्ट्रीय परिचर्या और प्रसूति विद्या आयोग विधेयक, 2023, राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक, 2023, जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2023, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2023 और अंतर-सेना संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक, 2023।

सत्र के दौरान 50 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए और शेष तारांकित प्रश्नों के उत्तर सभा पटल पर रखे गए। दिनांक 09 अगस्त, 2023 को सभी 20 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। नियम 377 के अधीन 369 मामले लिए गए। लोक सभा की विभागों से संबद्ध स्थायी समितियों ने सभा में 65 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। निदेश 73क के अधीन 45 वक्तव्य, सरकारी कार्य में संसदीय कार्य मंत्री द्वारा 3 वक्तव्य, नियम 372 के अधीन एक ?सूओ मोटो स्टेटमेंट? तथा उत्तर में शुद्धि करने वाला एक वक्तव्य सहित कुल 50 वक्तव्य दिए गए।

सत्र के दौरान, कुल 1209 पत्रों को सभा पटल पर रखा गया। लोक सभा के इस सत्र की कार्य उत्पादकता 45 प्रतिशत रही। सत्र के दौरान, गैर-सरकारी सदस्य कार्य के संबंध में शुक्रवार, 4 अगस्त, 2023 को गैर-सरकारी सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित कुल 134 विधेयक पुरःस्थापित किए गए।

माननीय सदस्यगण, 31 जुलाई, 2023 को सभा द्वारा मलावी गणराज्य की नेशनल असेम्बली की अध्यक्ष महामहिम कैथरिन गोटानी हारा के नेतृत्व में भारत की यात्रा पर आए मलावी के एक शिष्ट मंडल का हार्दिक स्वागत

किया गया। माननीय सदस्यगण, मैं सभा की कार्यवाही को पूरा करने में सभापति तालिका में शामिल अपने माननीय साथियों तथा उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, संसदीय कार्य मंत्री जी तथा विभिन्न दलों के नेताओं और माननीय सदस्यों के प्रति उनके सहयोग के लिए अत्यधिक आभारी हूँ। मैं आप सभी की ओर से प्रेस और मीडिया के मित्रों का भी धन्यवाद करता हूँ। इस अवसर पर मैं सभा को प्रदान की गयी समर्पित और त्वरित सेवा के लिए लोक सभा सचिवालय के महासचिव और अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सराहना करता हूँ।

मैं सभा की कार्यवाही के संचालन में सम्बद्ध एजेंसियों को भी उनके द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए धन्यवाद देता हूँ।

____

? (व्यवधान)

SARDAR SIMRANJIT SINGH MANN (SANGRUR): Sir, you did not allow me to speak. So, I will walk out.

<u>13.34 hrs</u>

At this stage, Shri Simranjit Singh Maan left the House.

माननीय अध्यक्ष : अब मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करूंगा कि वे ?वन्दे मातरम्? की धुन के लिए अपने-अपने स्थानों पर खड़े हों।

<u>13.35 hrs</u>

NATIONAL SONG

The National Song was played.

____

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाती है।

13.37 hrs

The Lok Sabha then adjourned sine die.

-

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in

http://www.loksabha.nic.in

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

in Lok Sabha (Sixteenth Edition)

---

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

*Available in Master copy of Debate, placed in Library.

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 11.8.2023

Introduced with the recommendation of the President.

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 11.8.2023.

Introduced with the recommendation of the President.

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 11.8.2023

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 11.8.2023

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 11.8.2023

* Treated as laid on the Table.

* Moved with the recommendation of the President.

* Moved with the recommendation of the President.